सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर
पिनः–272202
website: www.suksn.edu.in

SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Sidhharth Nagar
Pin -272202
Email Id: registrarsidduniv@gmail.co

पत्रांकः 807/सा0प्र0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 21/08/2026

सेवा में,

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु
   सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
   सम्बद्ध महाविद्यालय
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

**विषय– 'राष्ट्रीय खेल दिवस 2026' के अवसर पर राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के आयोजन के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या–5640/32–जी0एस0/2026(S) दिनांक 19 अगस्त, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में तथा भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने हेतु प्रतिवर्ष दिनांक 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाना है।

वर्ष 2026 में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा फिट इंडिया अभियान के तत्वावधान में **"खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" थीम पर 28 से 30 अगस्त 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 मनाए जाने का निर्देश दिया गया है।**

माननीय कुलाधिपति महोदया जी की मंशा के अनुरूप, शैक्षणिक संस्थानों की इस जन–अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त हेतु निम्न दिशा–निर्देश प्रदान किये गये है।

1. परिसर में छात्रों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं (जैसे हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, योग आदि) का आयोजन किया जाए।
2. दिनांक 28, 29 एवं 30 अगस्त को सभी छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों की खेल मैदान में न्यूनतम 1 घंटे की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
3. खेल भावना, स्वास्थ्य और फिट इंडिया के संदेश को फैलाने के लिए जागरूकता सत्र एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन हो।

**अतः आप सभी से अनुरोध है कि अपने–अपने संस्थानों/महाविद्यालयों में राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के संलग्न पत्र में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार, अनुपालन में दिनांक 28 से 30 अगस्त 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 का आयोजन कराने का कष्ट करें।**

**संलग्नक–यथोक्त।**

21/08/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

**पत्रांक एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. अध्यक्ष, क्रीड़ा परिषद, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. सचिव, क्रीड़ा परिषद, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. संयोजक, क्रीड़ा समिति, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, (परिसर) सिद्धार्थनगर।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ–226027

संख्याःई–5640/32–जी.एस./2026(S)
दिनांकः 19 अगस्त, 2026

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
**उत्तर प्रदेश।**

विषयः 'राष्ट्रीय खेल दिवस 2026' के अवसर पर राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के आयोजन के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक मंत्री, श्रम एवं रोजगार युवा कार्यक्रम एवं खेल, मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 12.08.2026(छायाप्रति संलग्न) के संदर्भ में अवगत कराना है कि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में तथा भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने हेतु **प्रतिवर्ष दिनांक 29 अगस्त** को **राष्ट्रीय खेल दिवस** का आयोजन किया जाता है। देश को स्वस्थ, जीवंत और सक्रिय बनाए रखने के लिए खेलों को दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है।

**2.** वर्ष 2026 में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा फिट इंडिया अभियान के तत्वावधान में **''खेलेगा भारत, जीतेगा भारत''** थीम पर **28 से 30 अगस्त, 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान** के माध्यम से राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 मनाए जाने का प्रस्ताव किया है तथा इस वर्ष समारोह का मुख्य केंद्र बिंदु **''एक घंटा खेल के मैदान में''** रखा गया है, जिसके अंतर्गत राज्य/संघ प्रत्येक नागरिक (विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों) को कम से कम एक घंटे के लिए खेल के मैदान में खेलने हेतु प्रेरित किया जाना है।

**3.** माननीय कुलाधिपति महोदया जी की मंशा के अनुरूप, शैक्षणिक संस्थानों की इस जन–अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः आपसे अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालयों/संस्थानों तथा उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में निम्नलिखित दिशा–निर्देशों के अनुसार गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित कराएं :–

**3.1** परिसर में छात्रों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं (जैसे हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, योग आदि) का आयोजन किया जाए।

**3.2** 28, 29 एवं 30 अगस्त को सभी छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों की खेल मैदान में न्यूनतम 1 घंटे की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

**3.3** खेल भावना, स्वास्थ्य और फिट इंडिया के संदेश को फैलाने के लिए जागरूकता सत्र एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन हो।

**4.** अतएव इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त प्रस्तर 3 के उप प्रस्तर 3.1 से 3.3 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकःयथोपरि।

19/8/25

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
( अपर मुख्य सचिव स्तर )

डॉ. मनसुख मांडविया
DR. MANSUKH MANDAVIYA

मंत्री
श्रम एवं रोज़गार
युवा कार्यक्रम एवं खेल
भारत सरकार
Minister
Labour & Employment
and Youth Affairs & Sports
Government of India

सत्यमेव जयते

1706
18-8-2026

2666
17/08/26

PS To OSD (ACS Level)

(ममता गौतम)
समीक्षा अधिकारी

जन भवन, उ० प्र०
17 AUG 2026
प्राप्त

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
संख्या ई. 5640 /जी०एस०
दिनांक 18/8/26

अ.शा.सं. 01/377/2026-एचओ-फिट इंडिया इंडिया/524

12 AUG 2026

मानवीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी,

जैसा कि आप अवगत होंगे, महान हॉकी खिलाड़ी **मेजर ध्यानचंद जी की जयंती** के उपलक्ष्य में तथा भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित किया जाता है। भारत को स्वस्थ, जीवंत और सक्रिय बनाए रखने के लिए खेलों को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में फिट इंडिया अभियान द्वारा "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" विषयवस्तु पर 28 से 30 अगस्त, 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 मनाए जाने का प्रस्ताव है। इस अभियान में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, शैक्षणिक संस्थानों, खेल निकायों, कार्यस्थलों तथा जीवन के सभी क्षेत्रों के जुड़े नागरिकों की प्रतिभागिता की परिकल्पना की गई है।

17.08.26
(डा० सुधीर एम० बोबडे)
भा.प्र.से (सेवानिवृत्त)
विशेष कार्याधिकारी श्री राज्यपाल,
(अपर मुख्य सचिव स्तर)
उत्तर प्रदेश।

इस वर्ष, राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का केंद्र बिंदु **"एक घंटा खेल के मैदान में"** है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक कम से कम एक घंटे के लिए खेल के मैदान में खेलेगा। दिनांक 28, 29 और 30 अगस्त की कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत पत्राचार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, खेल विभाग के सचिव की ओर से आपके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य सचिव को भेजा जाएगा।

SO(E)

राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के नाते, मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के समारोह का नेतृत्व करते हुए शैक्षणिक संस्थानों को इस उपलक्ष्य में गतिविधियों का आयोजन करने तथा खेल भावना और फिटनेस की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित करें।

18-8-2026

मुझे आशा है कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 को राष्ट्रव्यापी रूप से सफल बनाने में, आप अपना बहुमूल्य नेतृत्व और सहयोग प्रदान करेंगे।

सादर,

आपका

(डॉ. मनसुख मांडविया)

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
राजभवन
लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226027